**बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग, पटना**

**5, हार्डिंग रोड, पटना - 800001**

(**वेबसाईट** https://bpssc.bihar.gov.in )

**विज्ञापन संख्या-01/2024 से संबंधित दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए महत्वपूर्ण सूचना**

बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग द्वारा बिहार पुलिस में आशु सहायक अवर निरीक्षक के 305 पदों पर नियुक्ति हेतु प्रकाशित विज्ञापन संख्या-01/2024 की लिखित परीक्षा में राज्य सरकार द्वारा दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए श्रुतिलेखक रखने का प्रावधान है। अतः उक्त विज्ञापन के अंतर्गत आवेदन करने वाले वैसे दिव्यांग अभ्यर्थी जो लिखित परीक्षा में श्रुतिलेखक की सुविधा के पात्र हैं वे दिनांक-22.01.2025 से 27.01.2025 तक दिये गये लिंक पर उपलब्ध प्रपत्र में श्रुतिलेखक से संबंधित सूचना उपलब्ध करायेंगे। निर्धारित तिथि तक सूचना उपलब्ध नहीं कराने वाले अभ्यर्थियों को यह सुविधा देय नहीं होगी।

(2) इसके अतिरिक्त उक्त सम्बन्ध में राज्य सरकार द्वारा निर्गत किये गये प्रपत्र अनुसूची-1 एवं अनुसूची-2 साथ संलग्न है जिसे अभ्यर्थी डाउनलोड कर पूर्ण रूप से भरकर/बनवाकर परीक्षा की तिथि को संबंधित परीक्षा केन्द्र के केन्द्राधीक्षक को समर्पित करेंगे।

ह0/-

**अध्यक्ष,**

बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग,

पटना।

पत्र संख्या बि0पु0अ0से0आ0/परीक्षा-01-05/2024...37... दिनांक-...20.01.2025...

**बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग का कार्यालय,**

5, हार्डिंग रोड, पटना - 800001

# <u>अनुसूची–I</u>

**परीक्षा में श्रुतिलेखक प्राप्त करने हेतु दिव्यांगता की मात्रा से संबंधित प्रमाण–पत्र :–**

---

मैं प्रमाणित करता हूँ कि मैने श्री/सुश्री/श्रीमती......................................... (दिव्यांग अभ्यर्थी का नाम) पुत्र/पुत्री श्री................................................................................ ग्राम/मुहल्ला–.......................................पोस्ट–...................................थाना–.......................... जिला/शहर–........................................जो एक दिव्यांग व्यक्ति हैं, जिनके दिव्यांगता का प्रकार................................ (प्रकृति एवं दिव्यांगता की मात्रा प्रतिशत में) है, का मैंने परीक्षण किया है। मैं यह घोषणा करता हूँ कि दिव्यांगता प्रतिशत के आधार पर ये स्वयं लिखने की क्षमता नहीं रखते हैं/रखती हैं।

हस्ताक्षर

मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी

# अनुसूची–II

**दिव्यांग अभ्यर्थी द्वारा स्वचयनित श्रुतिलेखक रखने की स्थिति में उनके द्वारा दिया जाने वाला शपथ–पत्र :–**

---

मैं.......................................................(अभ्यर्थी का नाम), जो ........................................ (दिव्यांगता आधारित प्रकृति) से ग्रसित हूँ तथा........................................................................ (परीक्षा का नाम) में क्रमांक–...................(अभ्यर्थी का रौल नं०) के अन्तर्गत.................... (केन्द्र/परीक्षा केन्द्र), जो.......................................... (जिला का नाम) के अन्तर्गत हैं। मेरी शैक्षणिक योग्यता.............................है।

2. मैं यह भी घोषणा करता हूँ कि................................................(श्रुतिलेखक का नाम) इस परीक्षा में मुझे श्रुतिलेखक/प्रवाचक/प्रयोगशाला सहायक की सुविधा प्रदान करेंगे।

3. मैं घोषणा करता हूँ कि मेरे द्वारा चयनित श्रुतिलेखक की शैक्षणिक योग्यता ............................है। यदि कालान्तर में पाया गया कि चयनित श्रुतिलेखक के संदर्भ में मेरे द्वारा घोषित सूचना सही नहीं है और इनकी शैक्षणिक योग्यता मेरी शैक्षणिक योग्यता से अधिक है, तो ऐसी स्थिति में मेरा संदर्भित परीक्षा के लिए पात्रता के दावे को समाप्त कर दिया जायेगा एवं इस संदर्भ में यथोचित कार्रवाई की जा सकेगी।

दिव्यांग अभ्यर्थी का हस्ताक्षर